प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संविधान दिवस समारोह में कहा–विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए पंचप्रणों के साथ जुड़े हर देशवासी।
2. प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण की प्रक्रिया हुई तेज़ : पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ने कहा– अभियान में सभी मतदाताओं का योगदान ज़रूरी।
3. वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी पीजेंट शो का उद्घाटन : कहा– स्काउट गाइड है युवाओं में बौद्धिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम। और
4. लखनऊ में सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप में उन्नति हुड्डा ने प्री क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह : किरन जार्ज भी अगले दौर में पहुंचने में सफल।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज संविधान दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने वाले दुनिया के सबसे बड़े संविधान पर हर

भारतवासी को गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। श्री योगी ने कहा कि जब कोई देश मूल भावनाओं को सम्मान देते हुए बढ़ता है तो उसे विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए हर देशवासी से पंचप्रण के साथ जुड़ने का आह्वान किया।

बाइट.....

*जब भी कोई देश अपनी इन मूल भावनाओं को सम्मान देते हुए आगे बढ़ता है, उसको विकसित होने में कोई रोक नहीं सकता। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत की एक संकल्पना रखी। अगर हमें विकसित और आत्मनिर्भर भारत चाहिए तो इसके लिए हर भारतवासी को चाहिए कि वह उन पंच प्रणों के साथ जुड़े जो पंच प्रण हमें हमारे दायित्वों का एहसास करा सके।*

———————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण का पहला चरण तेज़ी से पूरा किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ग्रेटर नोएडा में एसआईआर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सभी का योगदान ज़रूरी है। उधर वाराणसी के जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने आज कई बूथों का निरीक्षण किया और अभियान की प्रगति का जायज़ा लिया। इस दौरान जिलानिर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं के नाम फीडिंग करने, गणना प्रपत्रों के वितरण और बांटे गए प्रपत्रों को

एकत्रित करने की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। वहीं श्रावस्ती में एसआईआर प्रक्रिया के क्रियान्वयन में लापरवाही पाए जाने पर 5 बीएलओ निलंबित किए जाचुके हैं और कई के खिलाफ कारवाई की गई है। श्रावस्ती के जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहाकि समय से काम पूरा करना वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया जा रहा है। बाइट.....

*लगातार हम लोग सत्ता सर्वेक्षण कर रहे हैं और कुछ हमारे बीएलओ ऐसे थे जिनके द्वारा शिथिलता बरती जा रही थी तो उनके ऊपर बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा तनख्वाह रोकने की नोटिसेस की और सस्पेंशन की कार्यवाही की गई है। साथ ही साथ हम लोगों ने एक अभियान भी चलाकर बीएलओ से काम हमको समय सीमा के अंतर्गत पूरा करना है। तो सभी बीएलओ को मैंने यह भी निर्देशित किया है कि जो लोग 27*

———————————

<u>राष्ट्रीय जम्बूरी</u>

प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में पीजेंट शो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट–गाइड्स के उत्साह, अनुशासन और सेवा–भावकी सराहना की। श्री खन्ना ने कहा कि स्काउट गाइड अत्यंत पवित्र एवं सेवा का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड स्वैच्छिक, शैक्षिक आंदोलन है जो युवाओं में बौद्धिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देता है।

———————————

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय 2 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण का आयोजन करेगा। यह आयोजन तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जाता है। वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम को लेकर तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*काशी तमिल संगमम में छात्र, शिक्षक, आध्यात्मिक विशेषज्ञ आदि सात श्रेणियों में तमिलनाडु से 1,400 से अधिक प्रतिनिधि काशी आएंगे जहाँ वे दोनों प्रदेशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंधों को साझा करेंगे । इसबार आयोजन में दो नए पहल की जाएंगी। पहली है तमिल करकलम, जिसके तहत उत्तर भारत के छात्रों को तमिलनाडु में तमिल सीखने का मौका मिलेगा। दूसरी पहल अगस्त्य एक्सपीडिशन है, जिसके तहत तेंकाशी से काशी तक की यात्रा करायी जाएगी जिसमें तमिलनाडु के देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। संगमम का समापन 15 दिसंबर को रामेश्वरम में होगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

काशी तमिल संगमम के प्रतिभागियों के लिए रेलवे सात रेलगाडियों का संचालन करेगा। ये रेलगाड़ियां कन्याकुमारी, चेन्नई और कोयंबटूर से वाराणसी के बीच चलेंगी। पहली रेलगाडी 29 दिसंबर को कन्याकुमारी से रवाना होगी और पहली दिसंबर को वाराणसी पहुँचेगी। वापसी यात्रा 5 दिसंबर से 17 दिसंबर तक चलेगी।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने आज लखनऊ स्थित सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद उम्मीद पोर्टल की प्रगति और उसके क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उम्मीद पोर्टल वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, बेहतर निगरानी और सुचारु प्रशासन के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी।

——————————

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ के मधुबन में आयोजित बिजली सेवा शिविर कार्यक्रम

मं हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बिजली विभाग द्वारा प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए लागू की गई बिजली बिल राहत योजना–2025 के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं स इसका लाभ लेने का आह्वान किया। श्री शर्मा ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना और बिजली सेवाओं को अधिक पारदर्शी बनाना है।

————————

केंद्र सरकार द्वारा घोषित चार नई श्रम संहिताओं का प्रदेश के नागरिकों ने स्वागत किया है। मेरठ–बागपत के उप श्रमायुक्त एवं उप कल्याण आयुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि पुराने श्रम कानूनों को समाहित करते हुए सरकार ने उनकी जटिलताओं को कम किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। बाइट.....

*यह देश के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए बहुत मील का पत्थर साबित होनी चाहिए। इसमें जैसे न्यूनतम वेतन सभी कैटेगरीज के लिए लागू कर दिया गया। नेशनल फ्लोर लेवल मिनिमम वेजेस लागू कर दिए गए हैं। सोशल सिक्योरिटी ऑलमोस्ट सभी के लिए लागू कर दी गई है। बिग और प्लेटफार्म वर्कर्स जोड़े गए हैं जो नई कैटेगरीज हैं। ऐसी बहुत सारी सुविधाएं हैं और इससे फायदा उद्योग जगत को भी होगा। क्योंकि उनके लिए लिमिटेड उनको कंप्लायंस करनी पड़ेगी और उसमें सारी कंप्लायंस हो जाएंगी। एक बेहतर देश के भविष्य के लिए चार श्रम संहिताएं है।*

————————

**गोवा में 56वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में आज मैक्सिको की नाटकीय फिल्म द डेविल स्मोक्स को 'एक डायरेक्टर की बेस्ट डेब्यू फीचर फिल्म' श्रेणी के अंतर्गत दिखाया गया। निर्देशक अर्नेस्टो मार्टिनेज बुसियो फिल्म के प्रीमियर में शामिल हुए और समारोह का हिस्सा बनने पर खुशी जताई। इस फिल्म को 2025 बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में बेस्ट फर्स्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिल चुका है। एक रिपोर्ट...**

*फिल्म समीक्षक की भूमिका और प्रभाव पर कला अकादमी में एक फिल्म क्रिटिक गोलमेज संवादयोजित किया गया। पत्रकार तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बरद्वाज रंगन ने बताया कि 21वींसदी में फिल्म समीक्षा लोकतांत्रिक हो गई है और इस में बंधन काफी कम हुए हैं। हालांकि दूसरी नकारात्मकता को भी इससे बढ़ावा मिला है। वहीं फिल्म समीक्षक एलिज़ाबेथ कर ने सोशल मीडिया और पेड आर्टिकल्स के ज़माने में चुनौतियों के साथ–साथ समीक्षा में अपनी आवाज़ खोजने को लेकर बात की। निखिल और सायरा के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, पणजी।*

—————————

**लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में आज से टी–20 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत हो गई है। इस ट्रॉफी के मैच लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद और कोलकाता में खेले जा रहे हैं। लखनऊ में मुंबई और रेलवे के बीच हुए मुकाबले में मुंबई की टीम ने सात विकेट से जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने विदर्भ को 27 रन से हरा दिया।**

वहीं लखनऊ में चल रही सैयद मोदी इंडिया इंटर नेशनल वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चंपियनशिप में आज शीर्ष वरीयता वाली उन्नति हुड्डा ने महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। दूसरी ओर चौथी वरीय भारत को किरन जार्ज भी अगल दौर में जगह बनाने में सफल रह।

(समाप्त)